हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 11 सितंबर 2026

04 राजस्थान को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग पर बसा, कई...



07 जिला अस्पताल में वायरल बुखार के रोगी बढ़े, मरीजों की भरमार



राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

**प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आज से लगेगा आवास मेला, बचे भवनों की होगी बिक्री**

**गुना।** नगर पालिका परिषद गुना द्वारा शुक्रवार से प्रधानमंत्री आवास योजना परिसर में तीन दिवसीय आवास मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का मुख्य उद्देश्य एलआईजी, एमआईजी एवं ईडब्ल्यूएस श्रेणी के रिक्त भवनों का आवंटन व पंजीयन प्रक्रिया को गति देना है। सीएमओ शैलेश अवस्थी ने बताया कि एलआईजी (2बीएचके) श्रेणी के कुल भवनों में से 115 का पंजीयन हो चुका है, जबकि शेष 221 भवनों के लिए नागरिक मेले में आकर अपनी पसंद के अनुसार पंजीयन करा सकते हैं। साथ ही, जिन हितग्राहियों ने 10 फीसदी राशि जमा करने के बाद शेष किश्तें जमा नहीं की हैं, उन्हें नोटिस जारी कर मेले में राशि जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ ने बताया कि वर्ष 2018-19 में पंजीकृत ईडब्ल्यूएस भवनों के ब्लॉक 30 से 50 तक बनकर तैयार हैं। हितग्राही शेष 1.80 लाख रुपये जमा कर अपने मकानों का आधिपत्य ले सकते हैं। इसके अलावा एमआईजी भवनों में लिफ्ट लगाने का कार्य भी शुरू हो चुका है। नपा ने सभी हितग्राहियों से मेले में उपस्थित होकर बकाया राशि जमा करने की अपील की है।

### राजपुरा में पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई

# 8600 लीटर लहान और अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम राजपुरा में पुलिस एवं आबकारी विभाग ने अवैध शराब के विरुद्ध संयुक्त बड़ी कार्रवाई करते हुए 8,600 लीटर लहान सहित शराब निर्माण में उपयोगी भट्टियां व अन्य सामग्री का नष्टीकरण किया है। इस दौरान 520 लीटर कच्ची शराब जप्त की। हालांकि पुलिस दबिश की भनक लगते ही अवैध शराब निर्माण में संलिप्त लोग मौके से फरार हो गए। इस दौरान टीमों द्वारा आसपास खेतों एवं झाड़ियों में सर्चिंग करने पर बड़े-बड़े ड्रमों एवं टंकियों में शराब बनाने के लिये तैयार किया गया करीबन 8,600 लीटर लहान एवं हाथभट्टी पर तैयार की हुई 520 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा एक मोटर साइकिल बरामद हुई । मौके से बरामद लहान कीमती करीबन 8.5 लाख रुपये का मौके पर ही विधिवत नष्टीकरण किया गया । इसके साथ ही अवैध शराब निर्माण में उपयोगी अन्य सामग्रियों भट्टी, हौज आदि को भी नष्ट किया गया तथा बरामद 520 लीटर अवैध कच्ची शराब कीमती 52 हजार रुपये एवं एक मोटर साइकिल को विधिवत जप्त कर शराब के इस अवैध कारोबार में संलिप्त अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध राघौगढ थाने में अप.क्र. 248/26 धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया हैं । फरार आरोपियों की पहचान एवं उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं ।

अवैध शराब के विरुद्ध इस कार्यवाही में एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे के नेतृत्व में राघौगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अजय जाट, विजयपुर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद साहू, जंजाली चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रसना राजावत, हेमंत राजपूत, विजय गुडसेले, शशि कपूर, प्रधान हृदेश कुमार, नंदकिशोर बाथम, अमित जाट, अवधेश शाक्य, कपिल ओझा, धर्मेन्द्र रावत, बृजेश साहू, रितेश कुमार, थाना विजयपुर से चंद्रभान, रामवीर रघुवंशी, रामकुमार, अशोक निदानिया, अजमेर सिंह रावत, अब्दुल शाबिर, आकाश, विनीत लोधी, रामपाल जाटव, महावीर सिंह रघुवंशी, कमलेश सैनी, रामनरेश रघुवंशी, मनीष सुर्वे, आनंद भदौरिया, फिरोज खान, अभिषेक रघुवंशी तथा आबकारी विभाग से उपनिरीक्षक मोहनीष शर्मा, राधाकृष्ण अटारिया, वर्धमान जैन, रामहेत कुशवाह, अरुण शर्मा, गोविन्द मीना, दिनेश राठौर, कमल बारोदिया, एवं जैम्मा एक्का आदि पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

### चकरी में पौधारोपण के बीच कटते जंगल

# वन विभाग की कार्यप्रणाली पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

फतेहगढ़ वन परिक्षेत्र के ग्राम चकरी बीट में एक ओर जहां वन विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण के नाम पर पौधारोपण कराया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही हरे-भरे पेड़ों की कटाई ने विभाग की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

स्थानीय ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों द्वारा रोजाना सैकड़ों-हजारों पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कर जंगल साफ किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और मैदानी अमला पूरे मामले पर मौन साधे हुए है। ग्रामीणों का कहना है कि नए पौधे लगाना सराहनीय कदम है, परंतु पहले से मौजूद विशाल और घने जंगलों की सुरक्षा करना उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है।

पौधरोपण के नाम पर प्रतिवर्ष लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन अनदेखी और देखरेख के अभाव में जहां नए पौधे पनप नहीं पाते, वहीं दूसरी तरफ कटाई के कारण पुराना प्राकृतिक जंगल तेजी से गायब हो रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि पौधारोपण के साथ-साथ वनों की अवैध कटाई पर तत्काल रोक लगाई जाए और अतिक्रमणकारियों व दोषी कर्मचारियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

# हेल्प करने के नाम पर एटीएम बदलकर खाते से उड़ाए 36 थे हजार, पर्दाफाश

**गुना।** सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा एटीएम बदलकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। आरोपियों ने एटीएम का पिन बनाने में मदद करने के बहाने कार्ड बदलकर खाते से 36 हजार रुपये उड़ाए थे। इस दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण से तीन आरोपियों की पहचान कर दो आरोपियों को धरदबोचा। जिनके पास से पुलिस ने 24 हजार रुपये बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार फरियादी कल्याण सिंह अहिरवार निवासी ग्राम खुटियावद थाना म्याना के द्वारा गुना कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 4 मई 26 को वह अपने घर से गुना आया था। यहां गुरुद्वारे के पास स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में वह अपना एटीएम पिन जनरेट कर रहा था। इसी दौरान एटीएम रूम के अंदर दो अज्ञात व्यक्ति आए और पूछने लगे कि क्या हुआ। उसके द्वारा एटीएम पिन जनरेट करने की बात बताने पर उनमें से एक व्यक्ति ने पिन बनाने में मदद करने की बात कही, उसकी बातों पर विश्वास कर उसने अपना एटीएम कार्ड उसे दे दिया। जिसने चालाकीपूर्वक उसका एटीएम कार्ड अपने साथी को दे दिया और स्वयं दूसरे एटीएम कार्ड को मशीन में लगाकर पिन जनरेट करने का नाटक करता रहा। कुछ देर बाद उसने पिन जनरेट नहीं होने की बात कहते हुए कोई दूसरा एटीएम कार्ड उसे थमा दिया और वहां से चले गए। उनके जाने के कुछ ही देर बाद मेरे मोबाइल पर बैंक खाते से राशि निकलने का संदेश प्राप्त हुआ। खाते की जांच करने पर 36 हजार रुपये निकल चुके थे। इसके बाद अपने पास मौजूद एटीएम कार्ड को देखा तो वह उसका कार्ड नहीं था । इस प्रकार उन लोगों के द्वारा सुनियोजित तरीके से एटीएम कार्ड बदलकर उसके बैंक खाते से 36 हजार रुपये निकालकर धोखाधड़ी की गई । फरियादी की रिपोर्ट पर गुना कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 409/26, धारा 318(4) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

**कोतवाली पुलिस ने 2 आरोपियों को दबोचा**

मामले में पुलिस नो तीनों आरोपियों की पहचान सुनिश्चित कर उनकी सरगर्मी से तलाश प्रारंभ की गई। गत दिवस पुलिस ने निशांत पुत्र नरेंद्र रावत एवं 2. शिवम पुत्र रामसिंह यादव दोनों निवासी ललितपुर, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से धोखाधडी के 24 हजार रुपये नगद बरामद किए गए हैं। प्रकरण में शामिल तीसरे आरोपी रवि राजपूत की तलाश जारी है। उक्त कार्रवाई में कोतवाली निरीक्षक राजकुमार शर्मा, उपनिरीक्षक सतीश सरवैया, सउनि विश्वीर रघुवंशी, आरक्षक नीरज रघुवंशी, आरक्षक राजू सरवैया एवं आरक्षक नवदीप अग्रवाल की भूमिका रही है ।



## चाचौड़ा पुलिस ने दबोचे तीन जुआरी, नकदी एवं ताश बरामद

**गुना।** जिले की चांचौड़ा थाना पुलिस ने जुआ फड़ पर दबिश देकर 3 जुआरी दबोचकर 4,300 रुपए नगदी एवं ताश की गड्डी बरामद की है। जानकारी के अनुसार गत रात्रि में चाचौड़ा थानांतर्गत छान मंदिर के पास कुछ व्यक्तियों के द्वारा जुआ खेले जाने की मुखबिर सूचना पर चाचौडा थाने से पुलिस टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। यहां पुलिस ने घेराबंदी कर जुआ खेल रहे रिंकू उर्फ किशन पुत्र प्रेमसिंह शाक्यवार, दीपक पुत्र जगदीश शिल्पकार एवं संजू पुत्र राजेन्द्र सिंह मीना निवासीगण बीनागंज का रंगेहाथों दबोचा। पुलिस द्वारा मौके से 4,300 रूपये नगदी एवं ताश की एक गड्डी जप्त की और तीनों जुआरियों के विरुद्ध चांचौड़ा थाने में अपराध क्रमांक 305/26, धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई। पुलिस की इस कार्रवाई में टीआई दिलीप राजौरिया के नेतृत्व में सउनि राकेश भील, प्रधान आरक्षक अशोक बारिया, आरक्षक अमित राजावत, आरक्षक जसरथ कुशवाह, आरक्षक अर्जुन सिंह तोमर एवं आरक्षक रोहित भदौरिया की सराहनीय भूमिका रही है ।

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया के आगमन की तैयारियां, नपाध्यक्ष ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के संभावित गुना दौरे को लेकर नगर पालिका प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। बुधवार प्रातः नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता एवं भाजपा नेता अरविंद गुप्ता ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल प्रताप छात्रावास पहुंचकर लगभग दो घंटे तक स्वच्छता व अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। प्रातः 9:30 बजे पहुंचीं नपाध्यक्ष ने परिसर का जायजा लिया। इस दौरान जेसीबी व लोडर ट्रैक्टर के जरिए प्रांगण का समतलीकरण कराया गया तथा परिसर में जमा कचरे का तुरंत उठान सुनिश्चित किया गया। उन्होंने स्वच्छता अमले को पूरे छात्रावास परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाने और सभी आवश्यक इंतजाम समय से पूरे करने के कड़े निर्देश दिए।

नपा अध्यक्ष ने जानकारी दी कि केंद्रीय मंत्री 17, 18 और 19 सितंबर को गुना के संभावित प्रवास पर रह सकते हैं। इस दौरान प्रताप छात्रावास परिसर में एक विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी, जिसमें शहरवासियों के लिए कई नई विकास योजनाओं की घोषणा होने की संभावना है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

**मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए वार्ड 28-29 में नपा ने कराई फॉगिंग**

**गुना।** शहर में मौसम जनित बीमारियों के बढ़ते खतरे को देखते हुए सीएमओ शैलेश अवस्थी के निर्देश पर नगर पालिका टीम ने वार्ड क्रमांक 28 एवं 29 में सघन फॉगिंग अभियान चलाया। इस दौरान वार्ड 28 और 29 के अंतर्गत आने वाले घोसीपुरा और आजाद कॉलोनी के विभिन्न क्षेत्रों में फॉगिंग कराई गई, ताकि नागरिकों को मच्छरों के प्रकोप से राहत मिल सके। नगर पालिका प्रशासन के अनुसार, वर्षा काल में मच्छरों का लार्वा पनपने की आशंका अधिक रहती है। इसे रोकने के लिए मलेरिया विभाग के समन्वय से शीघ्र ही प्रभावित इलाकों में मलेरिया ऑयल का छिडकाव भी कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस मनाया

**बमौरी।** बमौरी प्रखंड के फतेहगढ़ खंड में विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में प्रांत सत्संग प्रमुख सुरेश शर्मा, जिला संयोजक बृजेश प्रजापति, जिला सह संयोजक सुनील शर्मा एवं प्रखंड अध्यक्ष प्राण सिंह धाकड़ प्रखंड उपाध्यक्ष बनवारी सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने संगठन के उद्देश्यों और हिंदू समाज की एकजुटता को लेकर विचार साझा किए।

### अपहृत बालक को चाचौड़ा पुलिस ने किया दस्तयाब

**गुना।** जिले की चांचौड़ा थाना पुलिस ने गुम नाबालिग बालक को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया है। जानकारी के अनुसार 8 सितंबर 26 को चांचौड़ा थाना क्षेत्र से 14 वर्षीय एक नाबालिग बालक के लापता होने पर उसके पिता द्वारा चांचौड़ा थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी । मामले में पुलिस द्वारा तत्काल अपराध क्रमांक 302/26, धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर बालक की तलाश प्रारंभ की गई। प्रकरण में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही गत दिवस को बालक के संबंध में मुखबिर से प्राप्त सूचना पर अपहृत नाबालिग बालक को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। दस्तयाबी के उपरांत आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया । बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्रीमती डॉ. नीरू शर्मा एवं समिति सदस्यों द्वारा आवश्यक कार्यवाही पूर्ण किए जाने के बाद बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। उक्त कार्रवाई में टीआई दिलीप राजौरिया के नेतृत्व में बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नीरज लोधी, प्रधान आरक्षक सुनील रघुवंशी, आरक्षक अजय समाधिया एवं आरक्षक राजू रजक की सराहनीय भूमिका रही है ।

### आरोन में पिता-पुत्र के बीच मारपीट, क्रॉस मामला दर्ज

**गुना।** जिले के आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम राजनखेड़ी में पारिवारिक विवाद को लेकर पिता और पुत्र आपस में भिड़ गए। घटना में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं, जिन्होंने थाने पहुंचकर एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों शिकायतों के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष के फरियादी गोविंद कुशवाह (22) ने बताया कि वह इंदौर में रहकर मजदूरी करता है और गत दिवस को अपनी पत्नी पूजा के साथ गांव आया था। शाम करीब 5 बजे उसके पिता चंदन सिंह घर के बाहर फोन पर गाली-गलौज कर रहे थे। जब उसने घर में बहुओं की मौजूदगी का हवाला देकर मना किया, तो पिता ने आक्रोशित होकर उस पर पत्थरों से हमला कर दिया। इस हमले में गोविंद के सिर और हाथ की उंगली में गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव छोटे भाई शिवकुमार और परिवार की महिलाओं ने किया। जाते-जाते पिता ने जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष के फरियादी पिता चंदन सिंह (45) ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह घर के बाहर कपड़े धो रहा था, तभी बड़ा बेटा गोविंद आया और जमीन अपने नाम करने की जिद करते हुए गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर गोविंद ने लाठी से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर, हाथ, पैर और कंधे में चोटें आईं। पिता का आरोप है कि जाते समय गोविंद ने जमीन नाम न करने पर जान से खत्म करने की धमकी दी। आरोन थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अपराध कायम किया है।

# बच्चों एवं युवाओं को सिखाया मिट्टी के गणेश बनाने का तरीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद आरोन द्वारा 'माटी गणेश-सिद्ध गणेश' अभियान के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल मुहासा में बच्चों एवं युवाओं को मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों को मिट्टी के गणेश बनाने की सरल विधि बताई गई और स्वयं प्रतिमा तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक मंजूषा सालोमन ने मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाओं के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मिट्टी की प्रतिमाएं पर्यावरण अनुकूल होती हैं तथा इनके माध्यम से गणेशोत्सव को पर्यावरण संरक्षण के साथ मनाया जा सकता है। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए मिट्टी के गणेश स्थापित करने की अपील की।कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक श्री प्रमोद रघुवंशी ने मिट्टी की प्रतिमाओं के प्राकृतिक विसर्जन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन घर पर गमले अथवा किसी उपयुक्त पात्र में किया जा सकता है। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। नवांकुर संस्था के अनुरोध रघुवंशी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मुहासा के रामवीर शर्मा एवं मूर्तिकार हर्ष नामदेव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अनुरोध रघुवंशी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### सट्टा पर्ची काटते आरोपी को पुलिस ने रंगे हाथों दबोचा, 600 रुपए नकदी और सामग्री जब्त

**गुना।** जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दौराना-कोलुआ पठार पर मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर अवैध रूप से सट्टा पर्ची काट रहे एक युवक को रंगे हाथों पकड़ा है। कार्रवाई के दौरान विजयपुर थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र सिंह चौहान व उनकी टीम ने आरोपी राहुल लोधा (22) निवासी दौराना को मौके से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से अंक लिखी सट्टा पर्ची, डॉट पेन और 600 रुपये नगद जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति व पुत्र घायल

**गुना।** जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत जेपी कॉलेज स्थित महाराणा प्रताप होटल के समीप एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। फरियादी गोपाल मेर (42) निवासी ग्राम भानपुरा ने बताया कि वह अपनी पत्नी सेवंती बाई और बेटे गोविंद के साथ मोटरसाइकिल से राघौगढ़ आ रहे थे। तभी सामने से आ रही कार एमपी 04-1040 के चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों को सिर, हाथ-पैर व शरीर में गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की मदद से प्राथमिक उपचार के बाद घायलों का इलाज ब्यावरा के निजी अस्पताल में कराया। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद पीड़ित परिवार ने शिकायत दर्ज कराई।

# धार्मिक कार्यक्रम में संत के नाम मिला धमकी भरा पत्र

### संत श्री नागर जी गौ भक्त मंडल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

झाबुआ जिले में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान संत पंडित कमल किशोर नागर के नाम से धमकी भरा पत्र मिलने की घटना से गौ भक्तों एवं संत समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस गंभीर मामले को लेकर संत श्री नागर जी गौ भक्त मंडल जिला गुना के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम शिवानी पांडे को ज्ञापन सौंपा और प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

ज्ञापन के माध्यम से एसडीएम को अवगत कराया गया कि बीते 4 सितंबर 26 को श्री गुरु कृपा शबरी गौशाला भूराडाबरा जिला झाबुआ में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य सत्संग एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भेंट स्वरूप दी गई सामग्री, शाल और श्रीफल के बीच एक अज्ञात धमकी भरा पत्र मिला। पत्र की भाषा एवं विषयवस्तु अत्यंत आपत्तिजनक, गंभीर और चिंताजनक है, जिससे आयोजकों और संबंधितों की सुरक्षा को लेकर गहरी आशंका हो गई है।

**फॉरेंसिक जांच और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग**

ज्ञापन सौंपने पहुंचे पंडित नितिन भार्गव व कमल सिंह सहित गौ भक्त मंडल के सदस्यों ने मांग की है कि धमकी भरे पत्र की मूल प्रति के हस्तलेख तथा उपलब्ध साक्ष्यों की वैज्ञानिक व फॉरेंसिक जांच कराई जाए। साथ ही यह निष्पक्ष जांच की जाए कि संदिग्ध पत्र कार्यक्रम स्थल तक कैसे पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने शासन-प्रशासन से प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए आयोजकों की सुरक्षा का आकलन कर उचित सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है। इस अवसर पर श्री राम कृष्ण गौशाला बनेह एवं संत श्री नागर जी गौ भक्त मंडल के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



### पुरानी रंजिश पर महिला से मारपीट, मामला दर्ज

**गुना।** जिले के आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कंचनपुरा में दो माह पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता विमला बाई बंजारा (38) ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि गत दोपहर देहरी निवासी संतोष बंजारा और मोहरीखुर्द निवासी उसका मामा हऊआ बंजारा उसके घर के बाहर पहुंचे और पुरानी कहासुनी की बात को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर हऊआ बंजारा ने चांटा मारा और संतोष ने धक्का देकर नीचे गिरा दिया, जिससे महिला को चोटें आईं। पति व सास ने बीच-बचाव कर जान बचाई। जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी दे गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## समाचार संक्षेप

### "मेरी आंगनबाड़ी-मेरी जिम्मेदारी": चाचौड़ा में सरपंच-सचिवों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न



**चाचौड़ा।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे के सहयोग से महिला एवं बाल विकास विभाग, पिरामल फाउंडेशन एवं जनपद पंचायत चाचौड़ा के संयुक्त तत्वावधान में नींव परियोजना एवं पोषण माह के अंतर्गत जनपद पंचायत सभागार में सरपंच एवं सचिवों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चाचौड़ा जनपद क्षेत्र की 40 पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत स्तर पर 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के सर्वांगीण विकास, पोषण, स्वास्थ्य, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को बेहतर बनाना तथा पंचायत प्रतिनिधियों की नेतृत्व क्षमता को विकसित करना रहा। इस दौरान पोषण माह की थीम "मेरी आंगनबाड़ी-मेरी जिम्मेदारी" पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में पंचायत मैनेजमेंट यूनिट (PMU) के गठन एवं उसकी भूमिका के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम मैनेजर सु स्मिता दीक्षित, सीनियर प्रोग्राम लीडर उधम सिंह लोधी एवं प्रोग्राम लीडर नीरज कुमार ने पंचायत स्तर पर प्रभावी योजना, समन्वय, समीक्षा एवं समस्या समाधान की प्रक्रिया से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

### 5 सशस्त्र बदमाशों ने बोला था धावा, 8 दिन बाद भी खाली हाथ पुलिस

**गुना।** जिले के चांचौड़ा क्षेत्र के ग्राम अजगरी में 8 दिन पूर्व हुई गंभीर नकबजनी एवं डकैती की वारदात में अब तक कोई सुराग न मिलने से आक्रोशित पीड़ित परिवार ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता मंजूबाई पत्नी पर्वत सिंह धोबी ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे आवेदन में बताया कि 1 सितंबर 26 की देर रात लगभग 2:30 बजे 5 अज्ञात सशस्त्र बदमाशों ने बंदूक व देशी कट्टे की नोक पर उनके घर में घुसकर दहशत फैलाई और 1 लाख रुपये नकद, 4 ग्राम सोने का लॉकेट, 700 ग्राम चांदी की पायल, दो मंगलसूत्र सहित अन्य जेवरात चोरी कर लिए। पीड़ित परिवार ने बताया कि एफआईआर दर्ज करवाते समय बिल व फोटो न होने के कारण कुछ सामान दर्ज नहीं हो सका था, जिसे विवेचना में शामिल करने की आवश्यकता है। घटना के 8 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से पूरा परिवार भयभीत है। पीड़िता ने एसपी से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात आरोपियों की शीघ्र पहचान कर गिरफ्तारी की जाए और चोरी गया समस्त माल व वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद कराए जाएं।

### सिंगवासा में रहने वाली महिला ब्याजखोर से परेशान , एसपी से लगाई गुहार

**गुना।** शहर के ग्राम सिंगवासा निवासी एक पीड़ित महिला ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर सूदखोर के खिलाफ शिकायती आवेदन सौंपा और ब्याज माफिया के चंगुल से मुक्ति दिलाने की गुहार लगाई। पीड़िता अंजू बाल्मीक पत्नी राजेश बाल्मीक ने बताया कि उसने अपनी मां प्रेमबाई बाल्मीक के इलाज के लिए कैंट थाने के सामने रहने वाले सुरेश बाल्मीक से 10 हजार रुपये उधार लिए थे। बीते 3 वर्षों में वह ब्याज स्वरूप 1 लाख रुपये से अधिक की राशि चुका चुकी है, इसके बावजूद आरोपी उससे 1.5 लाख रुपये और मांग रहा है।

### बस किराया बढ़ा, सुविधाएं नहीं: बीनागंज में बस स्टैंड का इंतजार बरकरार

# राजस्थान को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग पर बसा, कई बसें बाईपास से निकल जाती हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा



यात्रियों से बस किराए के रूप में लगातार बढ़ी हुई राशि वसूली जा रही है, लेकिन बीनागंज में यात्री सुविधाओं की स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है। राजस्थान को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग पर स्थित बीनागंज नगर लंबे समय से एक व्यवस्थित बस स्टैंड की मांग कर रहा है, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते यात्रियों को आज भी सड़क किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। बीनागंज क्षेत्र से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आसपास के गांवों के साथ-साथ ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, दिल्ली और राजस्थान की ओर आवागमन करते हैं। इसके बावजूद नगर में यात्रियों के लिए ऐसा कोई व्यवस्थित स्थान नहीं है, जहां वे सुरक्षित तरीके से बसों का इंतजार कर सकें। न तो पर्याप्त बैठने की व्यवस्था है और न ही धूप एवं बारिश से बचने के लिए स्थायी प्रतीक्षालय।

#### बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को परेशानी

बस स्टैंड के अभाव में सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और दूरदराज के गांवों से आने वाले यात्रियों को उठानी पड़ती है। सड़क किनारे बसों का इंतजार करने के दौरान यात्रियों को मौसम की मार झेलनी पड़ती है। गर्मी में तेज धूप और बारिश के मौसम में भीगते हुए बस का इंतजार करना मजबूरी बन जाता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से बस स्टैंड की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई स्थायी पहल नहीं हुई है। यात्रियों को सड़क के किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है।


#### बाईपास से निकल जाती हैं प्रमुख बसें

बीनागंज की एक और बड़ी समस्या यह है कि ग्वालियर, शिवपुरी और दिल्ली सहित प्रमुख शहरों की ओर जाने वाली कई बसें नगर के भीतर आने के बजाय बाईपास से ही निकल जाती हैं। ऐसे में यात्रियों को बस पकड़ने के लिए अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ती है। कई यात्रियों को पहले गुना या अन्य स्थानों तक पहुंचना पड़ता है और वहां से बस बदलकर अपने गंतव्य तक जाना पड़ता है। इससे यात्रियों का समय और पैसा दोनों खर्च होते हैं। यात्रियों का कहना है कि जब बीनागंज महत्वपूर्ण मार्ग पर स्थित है और यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग यात्रा करते हैं, तो यहां ऐसा व्यवस्थित बस स्टैंड होना चाहिए, जहां प्रमुख मार्गों की बसों का नियमित ठहराव सुनिश्चित किया जा सके।

### चित्रगुप्त मंदिर न्यास का निर्वाचन अब प्रशासन कराएगा

# भाग कर विवाह करना, इस प्रवृत्ति का भारतीय संस्कृति में कोई स्थान नहीं है: मुनि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



इस युग के महान संत आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, महान तपस्वी, ओजस्वी वक्ता, बुंदेली महाकवि, विद्या कुल शिरोमणि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने राघौगढ़ नगर में श्रमण धारा प्रवचन माला के अंतर्गत शुभ विवाह परंपरा में विकृति विषय पर मंगल प्रवचन करते हुए कहा वर्तमान में युवक युवती पश्चात संस्कृति के प्रभाव में प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों को भूलकर शुभ विवाह की परंपराओं के स्थान पर विवाह करने के अनेक तरीके अपना रहे हैं। प्रेम विवाह, वीकेंड मैरिज, लिव इन रिलेशनशिप स्वतंत्र विवाह आदि की ओर बढ़ रहे हैं। विवाह करने के नित्य नए तरीके निकाले जा रहे हैं। विवाह करने के नाम पर भोग विलासिता के यह नए-नए तरीके समाज को पतन की ओर ले जा रहे हैं। मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने कहा प्रथम जैन तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के सुपुत्र भरत चक्रवर्ती घर में ही बैरागी थे, सुप्रसिद्ध जैन आचार्य माघनंदी महाराज मुनि दीक्षा छोड़कर गृहस्थ बन गए थे।

# सेवा संकल्प को लेकर राघौगढ़ मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

सेवा संकल्प एवं संगठनात्मक विषयों को लेकर भाजपा राघौगढ़ मंडल कार्यसमिति की बैठक सर्किट हाउस में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। बैठक में मुख्य वक्ता एवं मंडल प्रभारी, पूर्व जिला मंत्री श्री सुरेश रघुवंशी रहे, जबकि अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अंकित शर्मा ने की। इस दौरान संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने, जनसेवा के कार्यों को गति देने तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर नगर पालिका राघौगढ़ में नवनियुक्त एल्डरमैनों का मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने सेवा, संगठन और जनहित के कार्यों के प्रति समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद धाकड़, महामंत्री दुर्गेश शरण कोरी, गणेश राम माली, राजेंद्र वस्त्री, रामभरोसा सैनी, बनवारीलाल लोधा, प्रेमनारायण वर्मा, अतुल सैनी, प्रेमनारायण यादव, सुदर्शन जायभाय, विजय भार्गव सहित मंडल कार्यसमिति एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन मंडल मंत्री संतोष धाकड़ ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन महामंत्री दुर्गेश शरण कोरी ने किया।

# कार्यशाला: संगठन को मजबूत बनाने और आगामी अभियानों की कार्ययोजना पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज



जिला गुना के मंडल कुंभराज द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर, कुंभराज में मंडल कार्यशाला एवं कार्यसमिति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन को अधिक सशक्त, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही पार्टी के आगामी कार्यक्रमों, अभियानों एवं संगठनात्मक गतिविधियों की कार्ययोजना पर कार्यकर्ताओं के साथ मंथन किया गया। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से संगठन की विचारधारा और जनसेवा के कार्यों को बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष जगदीश सिंह मीणा उपस्थित रहे। इसके अलावा नगर परिषद अध्यक्ष शारदा देवी साहू, नगर परिषद उपाध्यक्ष विक्रम मीणा, जिला मंत्री मती आशा महावीर शर्मा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ब्रजमोहन मैथिल एवं सुरेश कांकाणी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का स्वागत भाषण डॉ. हरज्ञान सिंह गुर्जर ने दिया, जबकि संचालन मंडल महामंत्री मनीष शिवहरे ने किया। बैठक की विस्तृत जानकारी विक्रम मीणा गंगापुर ऊपरी द्वारा प्रस्तुत की गई। अंत में मंडल महामंत्री नीरज मालवीय ने सभी उपस्थित अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। बैठक के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने सेवा संकल्प अभियान, विकसित भारत 2047, महिला सशक्तिकरण, कृषि कल्याण, संगठनात्मक विषय एवं समरसता संकल्प अभियान सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर मदन मोहन शर्मा, बाबूलाल सेन, पूर्व पार्षद नरेंद्र शर्मा, पूर्व मंडल मंत्री शिरिल जैन, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश पचौरी, हल्कुराम, विजय सिंह केवट, पूर्व मंडल महामंत्री रामचरण अहिरवार, पार्षद दिनेश धाकड़, पार्षद मंटी भील, एल्डरमैन दीनदयाल मैथिल, नवल अग्रवाल, दिलीप शर्मा, बाबूलाल केवट, दीपक मीणा, विपिन सुमन, सोशल मीडिया प्रभारी नमन जैन, मीडिया प्रभारी राजेंद्र सेन, विष्णु मैथिल आदि मौजूद रहे।

# अमानत में खयानत का खुलासा: ट्रक व 250.20 क्विंटल गेहूं को किया बरामद

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई से आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्थानीय गल्ला व्यापारी मनोज पुत्र प्रकाशचंद जैन निवासी तायड़े कॉलोनी द्वारा एक ट्रक गेंहू 5 सितंबर को ग्वालियर के लिए भेजा गया था, किन्तु जब वह नहीं पहुंचा, तब पुलिस ने ट्रक के ड्रायवर की तलाश की और आरोपी को गिरफ्तार किया है। सिटी कोतवाली के टीआई रवि प्रताप सिंह चैहान ने बताया कि फरियादी मनोज कुमार जैन पिता प्रकाश चंद्र जैन, उम्र 46 वर्ष, निवासी तायड़े कॉलोनी अशोकनगर द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 05.09.2026 को उनकी फर्म मनोज कुमार प्रकाश चंद्र फर्म से 834 कट्टे, कुल 250.20 क्विंटल गेहूं मुकुल फूड्स प्रोडक्ट फर्म, ग्वालियर के लिए ट्रक क्रमांक एमपी-06 एचसी-2573 से रवाना किया गया था। ट्रक चालक रुस्तम पुत्र दीवान सिंह, निवासी घीलपुर, थाना घीरोरी, द्वारा उक्त माल को ग्वालियर पहुंचाने के बजाय माल सहित ट्रक को खुर्द-बुर्द करने एवं हड़पने की नीयत से अमानत में खयानत की गई। माल से संबंधित ई-वे बिल क्रमांक 3316 के संबंध में भी जानकारी प्राप्त हुई कि माल गंतव्य तक नहीं पहुंचाया गया। 06 सितंबर 2026 को माल डिलीवर करने का आश्वासन दिए जाने के बावजूद आरोपी द्वारा लगातार गुमराह किया जाता रहा। इस पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 570/26, धारा 316(2), 316(4) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । उक्त मामले में पुलिस ने आरोपी ड्रायवर रुस्तम पिता दीवान सिंह गुर्जर, उम्र 58 वर्ष, निवासी बड़पुरा मोहेरोली, हाल गुर्जर कॉलोनी, धौलपुर, राजस्थान को घांटीगांव, ग्वालियर के पास से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अमानत में खयानत किए गए ट्रक एवं माल को मध्य प्रदेश सीमा में ही होना बताया गया, कार्यवाही करते हुए ट्रक एवं उसमें लदा 250.20 क्विंटल गेहूं बरामद किया गया।

### संत कमल किशोर जी नागर महाराज को धमकी भरा पत्र मिलने से चिंता

**अशोकनगर।** मालवा क्षेत्र के सुप्रसिद्ध संत एवं गौ-सेवा, धार्मिक एवं सामाजिक जागरण के लिए समर्पित कमल किशोर नागर महाराज को धमकी भरा पत्र प्राप्त होने का मामला सामने आया है। पत्र की भाषा एवं विषयवस्तु को गंभीरता से लेते हुए संत की सुरक्षा तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, गहन एवं शीघ्र जांच की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार, 04 सितंबर 2026 को शबरी गौशाला, भूरा डाबरा, जिला झाबुआ में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक एवं सत्संग कार्यक्रम में संत श्री कमल किशोर जी नागर महाराज उपस्थित थे। इसी कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भेंट स्वरूप दी गई सामग्री, शॉल एवं श्रीफल आदि के बीच एक धमकी भरा पत्र प्राप्त हुआ। पत्र में प्रयुक्त भाषा एवं उसकी विषय वस्तु को गंभीर एवं चिंताजनक बताते हुए कहा गया है कि यह केवल किसी संत-महापुरुष के प्रति व्यक्तिगत अथवा धार्मिक असम्मान का विषय नहीं है, बल्कि इससे सामाजिक समरसता, सांप्रदायिक सौहार्द, धार्मिक आस्था एवं जनभावनाओं के प्रभावित होने की आशंका है। इस संबंध में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री को पुलिस अधीक्षक, जिला अशोकनगर के माध्यम से आवेदन/ज्ञापन प्रेषित कर कार्यवाही की मांग की गई है।



# जिला स्वास्थ्य समिति एवं पोषण समिति तथा शिक्षा विभाग की संयुक्त बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति एवं पोषण समिति तथा शिक्षा विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से पहुंचाया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, पोषण संबंधी गतिविधियों तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने 05 वर्ष से 15 वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों के समग्र आईडी तथा ई-केवायसी बनवाये जाने के निर्देश स्कूल शिक्षा विभाग को दिए। बैठक में प्रसूति सहायता योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभ दिलाने के लिए आवश्यक दस्तावेज तैयार कराए जाने की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों के आवश्यक दस्तावेज समय पर तैयार कराकर उन्हें प्रसूति सहायता का लाभ सुनिश्चित कराया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में कलेक्टर ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के आधार कार्ड बनाए जाने के संबंध में भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र बच्चों के आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए शत-प्रतिशत बच्चों का आधार पंजीयन सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन एवं प्रबंधन,रक्त की उपलब्धता, ब्लड बैंक यूनिट की क्रियाशीलता आदि को लेकर निर्देश दिए गए।

# युवाओं ने युवा सम्मेलन में भाग लिया, राष्ट्र निर्माण का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

खण्ड पिपरई में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के युवा सम्मेलन का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में खण्ड के गांवों से 450 युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता तुलसीदास जी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं।

युवाओं को राष्ट्र के प्रति सम्मान, समर्पण और जिम्मेदारी की भावना के साथ आगे बढ़कर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। सम्मेलन के दौरान युवाओं में उत्साह और टीम भावना बढ़ाने के उद्देश्य से कबड्डी, रस्साकशी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व क्षमता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति ने सम्मेलन को सफल और प्रभावी बनाया। सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं को संगठित कर उन्हें राष्ट्र, समाज और सकारात्मक युवा शक्ति के प्रति जागरूक करना रहा।

# आचरण पवित्र बनाए रखने आठ नियम बताए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

वासुपूज्य जिनालय में जावरा से आए श्रावक श्रेष्ठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जैन धर्म में साधु साध्वी का विशेष महत्व है वहां समाज एवं देश हित के लिए अपने परिवार तक का त्याग कर देते हैं और समस्त श्री संघ को अपना परिवार बना लेते हैं उन्होंने साधुओं एवं श्रावकों के सदाचार को पवित्र बनाए रखने के आठ नियम बताए। जैन धर्म में साधुओं और श्रावकों के सदाचार व आचरण को पवित्र बनाए रखने के लिए आठ नियम बताए गए हैं, जिन्हें प्रवचन माता कहा जाता है। यह जैन चारित्र (आचरण) का मूल आधार हैं। इन्हें दो भागों में बांटा गया है। जिनमें

जमीन देखकर ध्यान से चलना ताकि सूक्ष्म जीवों की रक्षा हो सके। ,हितकारी, मितभाषी और मधुर वचन बोलना ,पूर्णतः शुद्ध और निर्दोष आहार ग्रहण करना,धार्मिक उपकरण व वस्तुओं को देख-भाल कर उठाना और रखना,मलमूत्र आदि का विसर्जन जीव-रहित एकांत स्थान पर करना,मन, वचन, काय को रोकना, मन में बुरे या चंचल विचार न आने देना। मौन धारण करना या व्यर्थ के वचनों को रोकना,शरीर की चंचलता को रोकना और स्थिर होकर ध्यान करना।

उन्होंने बताया कि अष्टान्हिका महापर्व (आठ



दिनों का पर्व) को सरल शब्दों में कहे तो धार्मिक अनुष्ठान से है,जैन धर्म में अष्टान्हिका पर्व आठ दिनों तक चलने वाला एक अत्यंत पवित्र महापर्व है। यह वर्ष में तीन बार (कार्तिक, फाल्गुन और आषाढ़ मास के अंत में) आता है। इन आठ दिनों में जैन समाज के लोग विशेष पूजा-अर्चना, उपवास, त्याग और धार्मिक प्रवचन सुनते हैं। मान्यताओं के अनुसार, इन दिनों देवलोक के देव भी नंदीश्वर द्वीप जाकर जिनेंद्र भगवान की अष्टद्रव्य से पूजा करते हैं।

#### ज्ञान के पांच प्रकारः श्रावक ऋषभ जी रामशना


श्रावक जी ने ज्ञान का महत्व एवं प्रकार पर प्रकाश डालते हुए समस्त श्रावक एवं श्राविकाओं को इसका विस्तृत वर्णन किया इसके बाद इन समस्त ज्ञानों की बोली लगाई गई एवं कल्पसूत्र बोराना की बोली भी बोली गई। जिसका लाभ राजेंद्र कुमार गौरव कुमार अर्पित लाभांश कोचर परिवार ने लिया, एवं अन्य ज्ञान का लाभ निम्न परिवार ने लिया। मति ज्ञान का लाभ नीर धीर कोठारी, श्रुति ज्ञान का लाभ पारस चंद विवेक कुमार अवॉड परिवार,अवधि ज्ञान का लाभ हंसराज बछराज अशोक कुमार जैन परिवार ने लिया। मन प्रयाय ज्ञान का लाभ प्रदीप कुमार विनय कुमार सुराणा, केवल ज्ञान का लाभ दीपेश कुमार आदीश कुमार अवाड,कल्प सूत्र की अष्टप्रकारी पूजन का लाभ प्रदीप कुमार विनय कुमार सुराणा परिवार ने लिया।

#### गाजे बाजों के साथ लाभार्थी परिवारों को निज निवास छोड़ने पहुंचे

प्रवचन के बाद कल्प सूत्र की बोली के लाभार्थी राजेंद्र कुमार गौरव कुमार अर्पित कुमार लाभांश कोचर के निज निवास पर श्री संघ कल्प सूत्र को गाजे बजे के साथ लेकर पहुंचे। जहां सभी ने कल्प सूत्र की पूजन एवं वंदन किया इसके बाद लाभार्थी परिवार द्वारा श्री संघ की पूजा की गई एवं शाम की भक्ति का आयोजन भी लाभार्थी परिवार के निवास पर ही रहेगा। प्रभावना के लाभार्थी विधि प्रमोद सुराना एवं समस्त सुराना परिवार ने लिया।

# जहां पर शल्य नहीं, वहीं सही वात्सल्यः मुनिश्री निरंजन जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



साइन्स ऑफ लिविंग जीवन जीने का विज्ञान बताते हुए परम विद्वान सन्त मुनिश्री 108 निरंजन सागर जी ने कहा कि आचार्यों ने तीन प्रकार की शल्यों का वर्णन किया है।

माया शल्य अर्थात छल कपट पूर्ण प्रवृत्ति, मिथ्या शल्य अर्थात झूठा व्यवहार, निदान शल्य अर्थात भावी भोगों की आकांक्षा के साथ की गयी प्रवृत्ति। यह शल्य कांटे की भाँती निरन्तर पीड़ा दायक रहती है। और जहाँ पर यह शल्य है वहाँ पर वात्सल्य नहीं रह सकता। कपट रहित आन्तरिक स्नेह होना वात्सल्य गुण है। जिस प्रकार गाय बछड़े के स्नेहवश सिंह के सम्मुख जाकर प्राणों की बाजी लगा देती है। और अपने प्यारे बेटे के प्राणों की रक्षा करती है भले हि सिंह उसे खा जाये,वात्सल्य वश वह बछड़े की रक्षा करने के पीछे नही हटती है।

इसी प्रकार धर्म और धर्मात्माओं की रक्षा करने के लिये सम्यग्दृष्टि का स्नेह हुआ करता है। सद्भाव से सहित और मायाचारी से रहित होकर साधर्मियों की यथायोग्य सेवा करना वात्सल्य कहलाता है। भरत जी ने रामचन्द्र जी की खड़ाऊ सिंहासन पर रखकर राज्य किया था, किन्तु आज एक इन्च जमीन के लिये भाई अपने ही भाई को हथकड़ी डलवा देता है। वात्सल्य से कठोर हृदय व्यक्ति भी मोम की तरह कोमल बन जाता है। अत्यन्त दुःखी व्यक्ति को मधुर वाणी और वात्सल्य की जरूरत होती है। वही मनुष्य जगत का उपकार कर सकता है, जो अन्दर से निर्मल है।

## खबर संक्षेप

### चंदेरी में वाहनों की चेकिंग कर की कार्रवाई

**अशोकनगर।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी द्वारा गुरूवार को चंदेरी में परिवहन विभाग द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 11 वाहनों के चालान बनाए गए। कार्यवाही के दौरान कुल 45,800 रुपये की राशि वसूल की गई।

### मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन आज

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार जिले में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखण्ड मुंगावली के ग्राम पंचायत खुजराई में 11 सितम्बर को शिविर आयोजन किया गया है।

### मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत 1 जून 2026 को पीड़ित्रा भग्गो बाई पत्नि देशराज बंजारा उम्र 45 साल ने पारिवारिक समस्याओं के चलते प्रताड़ना से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खा लिया था जिसके बाद उपचार के दौरान मौत हो गई थी। उक्त मामले की जांच उपनिरीक्षक गौरीशकंर ओझा द्वारा की जा रही थी जिस पर से पुलिस ने मृतिका के पति देशराज बंजारा पर मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अथाईखेड़ा निवासी पूजा साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति रोहित साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बीलाखेडा निवासी प्रेमसिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बाबू यादव ने उससे मारपीट की और अंगूठा मूंह से काट दिया। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत नईसरायं निवासी यशवंत कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिब्बू, नारायण और रवि रजक ने दीवाल की ईंट गिराई और उससे मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदेरी निवासी अजय रैकवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामगोपाल, बेंटू, चार्ली रैकवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आमखेडा सूखा निवासी रामकृष्ण अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भूरा और सुरेन्द्र अहिरवार ने कपड़ा धोने की मोगरी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### मारपीट करने वाले दोषी को सश्रम कारावास

**अशोकनगर।** प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभम द्विवेदी जिला अशोकनगर द्वारा 25/08/2026 को निर्णय पारित करते हुये जमीनी विवाद को लेकर मारपीट करने वाले आरोपी वरूण जैन पुत्र प्रमोद कुमार जैन, निवासी ग्राम पिपरिया, थाना कचनार, जिला अशोकनगर को 02 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से अभियोजन संचालन जिला अभियोजन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी प्रीती भदौरिया द्वारा किया गया। मीडिया सेल प्रभारी जिला अभियोजन संचालनालय द्वारा बताया गया कि फरियादी रिंकी ने थाने आकर रिपोर्ट लेख कराई कि, वह पिछले दो साल से उसके ससुराल ग्राम पिपरिया में उसके बेटे आदित्य जैन के साथ रहती है। 02/03/2024 को उसने ननद गुड्डी उर्फ लक्ष्मी को कहा कि बेटे आदित्य की फीस जमा करना है। तो उसकी ननद ने कहा कि उसके पास कोई पैसा नहीं है तेरे बेटे की फीस भरने के लिए, तो उसने कहा कि 4 दिन से स्कूल फीस भरने के लिए स्कूल वालों के फोन आ रहे हैं। अगर फीस जमा नहीं की तो स्कूल से बाहर निकाल देगें, तो उसकी ननद ने कहा कि अगर उसके पास पैसा नहीं है तो बेटे को मत पढ़ाओ स्कूल में उनके पास उसके बेटे के लिए कोई पैसा नहीं है। इसी बात को लेकर मारपीट की गई, उक्त घटना में न्यायालय द्वारा यह सजा सुनाई गई है।

---

### डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा है अस्पताल, अब तक कोई इंतजाम नहीं

# जिला अस्पताल में वायरल बुखार के रोगी बढ़े, मरीजों की भरमार

**अस्पताल से लेकर डॉक्टरों के क्लीनिकों पर करना पड़ रहा है अपनी बारी का इंतजार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर






अशोकनगर जिला मुख्यालय बनने के बाद और यहां के अस्पताल को जिला अस्पताल का दर्जा मिलने के बाद लोगों ने यह उम्मीदें जताईं थी कि स्वास्थ्य सुविधाओं में सबसे पिछड़े इस क्षेत्र में आमजनों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेगीं, लेकिन स्वास्थ्य तो दूर अस्पताल खुद समस्याओं का मुख्यालय बना है, अगर डॉक्टर नहीं होगें तो इलाज कैसे होगा। वायरल बुखार के मरीजो ने अस्पताल को घेर रखा है। क्षमता से कईं गुना मरीज अस्पताल में बड़ी उम्मीदों के साथ पहुंच रहे हैं लेकिन यहां डॉक्टरों की कमी होने के कारण उपचार भगवान भरोसे चल रहा है।

अशोकनगर का अस्पताल सिंधिया स्टेट के समय एक डिसपेंसरी से 1926 में प्रारम्भ हुआ था, तब से यहां की जनता स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर संघर्ष करती आ रही है, आज भी वह संघर्ष की दास्तां पूरी नहीं हो पाई है। वर्ष 2006 में यहां की अस्पताल को जिला अस्पताल का दर्जा मिला, लेकिन जिला अस्पतला जैसे इंतजाम यहां नहीं हैं, जब जिला मुख्यालय की असपताल का यह हाल है तो जिले में जितने भी स्थानों पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं वहां का भगवान मालिक है। यह हाल जिला अस्पताल के बने हुए है, न तो यहां कोई रेडियों लाजिस्ट है न पैथोलॉजिस्ट है न नेत्र रोग विशेषज्ञ है, ऐसे कईं विशेषज्ञों के पद खाली पड़े हैं जबकि ट्रामा सेंटर यहां बना हुआ है लेकिन ट्रामा सेंटर आज तक चालू नहीं हो पाया है। अभी अस्पताल 200 बिस्तर का है अब नया अस्पताल 350 बिस्तर का बन रहा है ,जब तक डॉक्टर नहीं होगें तब तक मरीजों का उपचार कैसे होगा।

#### सिविल सर्जन ने मिशन संचालक को पत्र लिखा

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर बी.एल टैगोर ने मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को अशोकनगर अस्पताल में डॉक्टरों की भारी कमी और मरीजों की भरमार को लेकर पत्र लिखा है और अतिरिक्त डॉक्टरों की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

**200 बिस्तर का अस्पताल 500 मरीज भर्ती, हर दिन ओपीडी में 1500 मरीज** सिविल सर्जन के द्वारा कहा गया है कि जिला चिकित्सालय अशोकनगर नियमानुसार 200 बिस्तरीय अस्पताल स्वीकृत है, जिसमे 1200-1500 की ओपीडी प्रतिदिन संचालित है एवं 500-600 मरीज भर्ती हो रहे है जिसके कारण अस्पताल में ओपीडी एवं आईपीडी की सेवा प्रदायगी को सुचारू रूप से संचालित करने में कठनाई हो रही है।



#### 23 पदों में से कुल 5 चिकित्सक ही दे रहे हैं सेवाएं

जिला चिकित्सालय अशोकनगर में चिकित्सा अधिकारी के कुल 23 पद स्वीकृत है जिसमे 02 नियमित चिकित्सक, 02 चिकित्सक बॉडेड, एवं 01 चिकित्सक संलग्नीकरण कुल 05 पदस्थ है चूंकि जिला चिकित्सालय में 24 घण्टे ड्यूटी सम्पादित करने के लिए कुल 04 चिकित्सको की आवश्यकता होती है। जिसके चलते यदि कोई चिकित्सक निर्धारित ड्यूटी के विरुद्ध अनुपस्थित होते है तो इनके स्थान पर चिकित्सालय में पदस्थ चिकित्सकों/आर.एम.ओ. को अतिरिक्त ड्यूटी सम्पादित करनी पड़ती है। क्षमता से अधिक भार होने के कारण डॉ. अंकुर जैन, नियमित चिकित्सा अधिकारी द्वारा विगत माह जून में अपने पद से इस्तीफा दे दिया है एवं डॉ. विपिन सिंह द्वारा आर.एम.ओ. के पद से हटाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

**आपातकालीन ड्यूटी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टर दे रहे हैं सेवाएं।**

वर्तमान में चिकित्सको की अत्यधिक कमी है, जिसके कारण चिकित्सालय में आने वाले मरीजों के उपचार व चिकित्सा सुविधा को सुदृढ बनाये रखने के लिए, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अशोकनगर को उक्त स्थिति से अवगत कराया गया तपश्चात, उनके द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ चिकित्सकों का रोस्टर बनाया जाकर इनकी सेवाएं जिला चिकित्सालय अशोकनगर में आपातकालीन ड्यूटी हेतु सम्पादित करने हेतु आदेशित किया गया है।

#### जिन डॉक्टरों की बदली हुई उनकी जगह कोई नहीं आया

जिला अस्पताल में कईं डॉक्टर या तो इस्तीफा देकर जा चुके हैं या उन्होंने बदली करा ली है या फिर कईं डॉक्टर सेवानिवृत हो गए हैं। जो बचे खुचे डॉक्टर हैं वहीं जिला अस्पताल को संभाल रहे हैं, प्रशासनिक पद पर बैठे सिविल सर्जन को भी कईं बार अपनी सेवाए ओपीडी में देना पड़ रही हैं, श्रद्धा अग्रवाल अभी स्थायी रूप से सोनोग्राफी का काम देखती थीं लेकिन अब वह दो दिन ही मंगलवार और गुरूवार को देखेगीं। जिला अस्पताल में आने वाले प्रसूतिकाओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसी प्रकार डॉक्टर पंकज शुक्ला का प्रमोशन हो गया है और उन्हें जिला अस्पताल मे ज्वाइन करना है लेकिन आज तक वह ज्वाइन नहीं हुए हैं। जिन डॉक्टरों के स्थानांतरण हुए हैं उनके स्थान पर शासन ने कोई डॉक्टर भी नहीं भेजे हैं।

#### मरीजों को प्रायवेट डॉक्टरों के यहां कराना पड़ रहा है उपचार

इस कारण मरीजों को जिला अस्पताल के स्थान पर या तो झोलाछाप डॉक्टरों के पास इलाज कराना पड़ रहा है या फिर जिले से बाहर जाकर महंगा इलाज कराने पर लोग मजबूर हैं। इस अस्पताल का हर माह दो बार कलेक्टर निरीक्षण करने पहुंचते हैं सांसद,विधायक,मंत्री कईं बार निरीक्षण कर चुके हैं लेकिन होता कुछ नहीं हैं सब कुछ निरीक्षण से पहले जैसा था वैसा ही आज है।

---

### नेशनल हाईवे 346 पर गड्ढे ही गड्ढे

# निर्माण कंपनी काम छोड़कर भागी पीडब्ल्यूडी-एनएच ने भी मुंह मोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पांच वर्षों से निर्माणाधीन नेशनल हाईवे 346 ए दुर्दशा का शिकार है। इस हाईवे को बनाने का ठेका जिस कंपनी ने लिया था, वह 6 माह पूर्व ही काम छोड़कर भाग गई है। कंपनी के भागने के बाद निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी-एनएच ने भी इस सड़क से मुंह मोड़ लिया है। हालत यह है कि पंद्रह-बीस किलोमीटर के सफर में इतनी मुश्किलें हैं कि वाहन चालक 25 से 100 किलोमीटर तक का चक्कर इस सड़क से बचने के लिए लगा रहे हैं। जो वाहन चालक इस सड़क का उपयोग करने मजबूर हैं, उन्हे वाहनों में टूटफूट का नुकसान हो रहा है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति इस मार्ग पर चलने वाली यात्री बसों की है। एक निजी यात्री बस का चंदेरी से भोपाल नियमित संचालन होता है, इसके चालक गोविंद गुर्जर ने बताया कि निर्धारित समय में चंदेरी से भोपाल नहीं पहुंच पा रहे हैं, क्योंकि तेज गति चलाने में दुर्घटना का खतरा है। प्रतिदिन बस देरी से पहुंच रही है।

दरअसल, बंगला चैराहा से लेकर घाट बमुरिया तक यह सड़क अशोकनगर जिले में है, इससे आगे मेहलुआ चैराहा तक का हिस्सा विदिषा जिले में आता है। बंगला चैराहा से लेकर मेहलुआ चैराहा तक सड़क में सौ से ज्यादा गड्ढे हैं। कुछ जगह तो सड़क इस तरह धंसी है कि वाहन को सुरक्षित निकालने के लिए जगह नहीं है। घाट बमुरिया के पुल, ओंण्डेर की पुलिया, नेह पिपरिया की पुलिया और धुवा की पुलिया पर सड़क की स्थिति खतरनाक है।

**वाहनों में जमकर हो रही टूटफूट**

#### सड़क मार्ग का उपयोग करने से कतरा रहे वाहन चालक

मूलतः भिंड निवासी एवं वर्तमान में भोपाल कार्यरत रोहित श्रीवास्तव ने बताया कि वह सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने से पहले इसी मार्ग का उपयोग भोपाल से भिंड आने-जाने के लिए करते थे, लेकिन जब से सड़क का निर्माण शुरु हुआ है तबसे उन्हे भोपाल से गुना-ग्वालियर होते हुए भिंड जाना पड़ रहा है इससे उन्हे एक सौ दस किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है। इसी तरह सुमेर निवासी चंद्रपाल सिंह बैस ने बताया कि माह में दो बार इलाज कराने के लिए वह भोपाल जाने के लिए सिरोंज-बेरसिया मार्ग का उपयोग कर रहे हैं जिससे करीब 30 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर उन्हे तय करना पड़ता है। जिससे न केवल समय अधिक देना पड़ता है, वहीं ईंधन का भी खर्च बढ़ जाता है।

#### टायरों की उम्र कम हुई, टूट रहे वाहनों के निचले हिस्से

ओंडेर निवासी ओमप्रकाश त्यागी ने बताया कि उन्हे रिश्तेदारी व इलाज के कारण विदिषा व भोपाल जाना पड़ता है। इसलिए मजबूरी में इसी मार्ग से वह सफर करते हैं। इसके चलते 50 हजार किलोमीटर चलने के बाद खराब होने वाले कार के टायर महज 20 हजार किलोमीटर में ही खराब हो गए हैं। टायरों के अलावा कार के सस्पेंषन बैठ गए। कई बार निचले हिस्सों में टूटफूट हुई, जिससे उन्हे अब तक हजारों रुपए खर्च करने पड़े।

#### नोटिस दिया है

हमने निर्माण कंपनी को नोटिस दिया था, वह जल्द ही काम प्रारंभ कर रही है। सड़क निर्माण, मरम्मत आदि सभी काम इसी सप्ताह से प्रारंभ हो जाएंगे। यदि नहीं होते हैं, तो हम वरिष्ठ कार्यालय से अनुमति के बाद मरम्मत कराएंगे जिसके खर्च की राषि की वसूली निर्माण कंपनी की सुरक्षा निधि से होगी।

**विष्णु अग्रवाल,** कार्यपालन यंत्री, पीडब्ल्यूडी-एनएच, ग्वालियर संभाग

---

### घटावदा के सैकड़ों ग्रामीणों ने बिजली कार्यालय पर किया प्रदर्शन

# बिजली को लेकर फूटा महिलाओं का गुस्सा बिजली दफ्तर में घुसकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



बिजली की समस्या से परेशान घटावदा गांव के सैकड़ों ग्रामीणों, खासकर महिलाओं का गुरुवार को गुस्सा फूट पड़ा। लंबे समय से बिजली नहीं मिलने से नाराज ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर नईसराय स्थित बिजली कंपनी के कार्यालय पहुंचे और जमकर प्रदर्शन किया। आक्रोशित महिलाएं कार्यालय के अंदर तक पहुंच गईं और अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बिजली व्यवस्था तत्काल बहाल करने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क पर खड़ी कर दी, जिसके चलते करीब एक घंटे तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही। इस दौरान वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। प्रदर्शन कर रही रेखा बाई, गुड्डी बाई और पार्वती बाई सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि गांव में करीब दो महीने से बिजली की समस्या बनी हुई है। बिजली नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। रात के समय पूरा गांव अंधेरे में डूब जाता है, जिससे जहरीले जंतुओं का खतरा बना रहता है। वहीं पेयजल के लिए भी ग्रामीणों को काफी दूर जाना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार समस्या बताने के बावजूद बिजली व्यवस्था बहाल नहीं की गई। इसी से नाराज होकर सैकड़ों ग्रामीण बिजली कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों के सामने अपनी समस्या रखी। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था बहाल नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने बिजली कंपनी से गांव की समस्या का तत्काल समाधान करने की मांग की।

#### अधिकारी का कहना चार लाख से अधिक बकाया

कनिष्ठ यंत्री शशांक सिंह राजपूत, नई सराय ने बताया कि गांव पर चार लाख रुपए से अधिक का एरियर बकाया है। नियमानुसार 10 प्रतिशत राशि जमा होने के बाद ही ट्रांसफार्मर बदला जाता है। ग्रामीणों से चर्चा हो गई है और जल्द ही बिजली समस्या का समाधान किया जाएगा।



#### नवांकुर सखियों ने बनाई मिट्टी के गणेश की मूर्ति

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर की नवांकुर संस्था जय मां करीला देवी जन शिक्षा सेवा समिति म्यांपुर व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति म्यांपुर द्वारा आज सेक्टर स्तरीय मिट्टी गणेश-सिद्ध गणेश का प्रशिक्षण ग्राम म्यांपुर में राधा कृष्ण मंदिर पर रखा गया। जिसमें सेक्टर की समस्त नवांकुर सखियां और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर उर्मिला रघुवंशी ने मिट्टी गणेश - सिद्ध गणेश प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि हमारी संस्कृति में मिट्टी के गणेश जी हीं पूजनीय होते हैं। विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने बताया कि परिषद द्वारा सेक्टर स्तर पर नवांकुर सखियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है और गणेश चतुर्थी पर मिट्टी के गणेश जी स्थापित करें।

# महिला महासमिति ने दो आयोजन एक साथ कर सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाह किया

**अशोकनगर।** श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति अशोकनगर द्वारा शिक्षक दिवस एवं विश्व साक्षरता दिवस का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में अशोकनगर की चारों पाठशालाओं गांव मंदिर, गंज मंदिर, पारसनाथ मंदिर एवं शांति नगर मंदिर की पाठशाला संचालिकाओं एवं उपसंचालिकाओं का समिति द्वारा सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ समिति की सभी बहनों द्वारा मंगलाचरण के साथ किया गया। इसके पश्चात सभी ने मनोरंजक खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण आनंदमय हो गया। समारोह में शांति नगर मंदिर की प्रियंका दीदी एवं अनामिका दीदी, गंज मंदिर की सौम्या दीदी एवं मुस्कान दीदी, पारसनाथ मंदिर की नैंसी दीदी,आयुषी दीदी एवं अनु दीदी तथा गांव मंदिर की जागृति दीदी एवं मुस्कान दीदी का तिलक एवं माल्यार्पण एवं उपहार देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर पाठशाला संचालिकाओं ने बच्चों को संस्कारवान बनाने, उनमें धार्मिक एवं नैतिक मूल्यों का विकास करने तथा उन्हें धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ाने के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि पाठशालाओं के माध्यम से बच्चों को केवल धार्मिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार, सद्व्यवहार, अनुशासन एवं जीवन को सही दिशा देने वाली महत्वपूर्ण बातें भी सिखाई जाती हैं।

राष्ट्रीय मंत्री इंदु गांधी ने कहा कि हमारी पाठशाला की दीदियां बच्चों को धर्म और संस्कारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे बच्चों को अच्छे संस्कार देने के साथ-साथ जीवन में सही मार्ग पर चलने, बड़ों का सम्मान करने, सदाचार अपनाने एवं मानवीय मूल्यों को समझने की प्रेरणा देती हैं। उनका यह प्रयास समाज की नई पीढ़ी को संस्कारवान एवं धर्मनिष्ठ बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान सभी पाठशाला दीदियों ने महिला महासमिति की बहनों का सम्मान एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं महासमिति की महामंत्री प्रियंका जैन ने सभी पाठशाला संचालिकाओं एवं उपसंचालिकाओं का आभार व्यक्त करते हुए उनके द्वारा किए जा रहे निस्वार्थ एवं सराहनीय कार्य की प्रशंसा की। कार्यक्रम का सफल संचालन कोषाध्यक्ष नीतू मूडरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष विभा मोदी ने की। कार्यक्रम में समिति की वरिष्ठ सदस्या विनिता सोनी, सांस्कृतिक मंत्री प्रीति भंडारी, सुनीता चैधरी, सपना अजमेरा, उषा नयनी, नम्रता तिलक मणि, प्रतिभा जैन, मीना, रसिला, सविता, रीना मेडिकल, सिम्मी भारती सुषमा अभिलाषा, पत्रकार नीलम स्वाती सहित समिति की समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहीं।



---

### एसडीओपी के नेतृत्व में चला अभियान, पिछले 3 दिनों से लगातार की जा रही है कार्रवाई

# जिले में सागर की घटना के बाद अवैध शराब के खिलाफ एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





जिले में अवैध शराब का बड़ा कारोबार कितने बड़े पैमाने पर किया जाता है यह सब पुलिस की कार्यवाही में सामने आ चुका है, यह अभियान भी तब चल रहा है जब सागर में बड़ी घटना सामने आई है इस तरह का अभियान लगातार चलना चाहिए। लेकिन ऐसा जिले में विशेष तौर पर ही होता है, बड़ी कार्यवाही को लेकर जिले के तीन एसडीओपी अशोकनगर, एसडीओपी मुंगावली एवं एसडीओपी चंदेरी के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीमें गठित की गई हैं। गठित टीमें अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के निर्माण एवं कारोबार पर सतत निगरानी रखते हुए सूचना तंत्र को सक्रिय कर लगातार कार्यवाही कर रही हैं।

पिपरई पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध शराब निर्माण के ठिकाने पर दी दबिश-इसी अभियान के तहत थाना पिपरई पुलिस द्वारा थाना बहादुरपुर, थाना सहराई एवं थाना मुंगावली पुलिस बल के सहयोग से ग्राम मढूरा बहादरा में नदी किनारे अवैध रूप से संचालित हाथ भट्टी की कच्ची शराब निर्माण गतिविधि के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम मढूरा बहादरा में नदी के किनारे बड़ी मात्रा में हाथ भट्टी की कच्ची शराब तैयार की जा रही है। सूचना पर संयुक्त पुलिस टीम द्वारा तत्काल दबिश दी गई। पुलिस टीम को मौके पर लगभग 1200 लीटर लहान, जो अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब तैयार करने के लिए उपयोग किया जा रहा था, टंकियों में भरा हुआ मिला। पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही लगभग 1200 लीटर लहन को नष्ट किया गया तथा अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त अन्य सामग्री को जब्त किया गया। पुलिस कार्यवाही के दौरान शराब निर्माण में संलिप्त व्यक्ति मौके पर उपस्थित नहीं मिले। अवैध शराब निर्माण के ठिकाने को प्रभावी रूप से ध्वस्त करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में संचालित अवैध शराब निर्माण गतिविधि पर निर्णायक प्रहार किया।

#### 6 आरोपियों पर कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन के परिणाम स्वरूप थाना मुंगावली क्षेत्र के ग्राम सरदारपुर, मदऊखेड़ी एवं बिल्हेरू में विगत 24 घंटों के दौरान अवैध शराब के विरुद्ध 06 आरोपियों के विरुद्ध 06 आबकारी प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। इन कार्यवाहियों में कुल 150 लीटर हाथभट्टी से निर्मित कच्ची शराब जप्त की गई है। अशोकनगर पुलिस द्वारा अवैध शराब के निर्माण एवं विक्रय से जुड़े नेटवर्क पर लगातार निगरानी रखते हुए ऐसे तत्वों के विरुद्ध निरंतर, प्रभावी एवं कठोर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है, ताकि अवैध शराब की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

#### विगत 24 घंटों में 6 प्रकरण दर्ज कर 150 हाथभट्टी शराब की जब्त

पुलिस टीम द्वारा पिपरई रोड, सरदारपुर के पास निर्माणाधीन ओवरब्रिज के समीप संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर कार्यवाही करते हुए आरोपी गुलाब सिंह सांसी पुत्र तुलसीराम सांसी, उम्र 53 वर्ष, निवासी रामनगर के कब्जे से 25-25 लीटर एवं 10 लीटर क्षमता की तीन प्लास्टिक केनों में कुल 60 लीटर हाथभट्टी से निर्मित कच्ची शराब बरामद की गई। बरामद अवैध शराब की अनुमानित कीमत 9,000 है। पुलिस द्वारा शराब को विधिवत जप्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर जेआर पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### सागर की घटना के बाद चेता आबकारी अमला, रोजाना चल रही चेकिंग

# बगैर लाइसेंस बेची जा रही शराब के अड्डों पर दी जा रही दबिश, कच्ची शराब भी जब्त





13 आपराधिक प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

करीब एक हफ्ते पहले मध्यप्रदेश के सागर जिले में जहरीली शराब से हुई 18 लोगों की मौत ने कुंभकरणी नींद में सो रहे राजगढ़ जिले के आबकारी विभाग को हरकत में ला दिया है। विभाग के जो अधिकारी महीने में एक-दो बार फील्ड में निकलते हुए अवैध और कच्ची शराब के मामलों में कार्रवाई करते थे वे अब रोजाना कार्यवाहियां करते नजर आ रहे हैं। बीते करीब पांच दिनों से विभागीय अमला जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से मिल रही सूचनाओं के बाद दबिश देते हुए बगैर लाइसेंस के दुकानों पर बेची जा रही अवैध शराब जब्ती में ले रहा है। इसके साथ ही कैमिकल मिलाकर बनाई जा रही कच्ची शराब की भट्टियां भी नष्ट की जा रही हैं। इसी कड़ी में विगत दिनों जहां ब्यावरा वृत्त के तहत दूधी और कटारियाखेड़ी गांवों में भारी मात्रा में कच्ची शराब का विनष्टीकरण किया गया वहीं अवैध रूप से बेची जा रही शराब जब्त करते हुए आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत मामले पंजीबद्ध किए गए।

अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, विक्रय एवं परिवहन पर चल रही कार्रवाई के तहत कल विभाग द्वारा विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर अवैध मदिरा के खिलाफ कार्यवाहियां नजर आईं विभाग ने 13 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए। इसके साथ ही 64 लीटर हाथ भट्टी की शराब एवं देसी शराब जब्त करने की कार्रवाई की गई।

#### अनवरत चले कार्रवाई तभी लगेगा अंकुश

सागर की घटना के बाद विभाग द्वारा चलाए गए अभियान के बारे में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म्स पर आमजनों की अलग-अलग राय भी सामने आ रही हैं। लोगो का कहना है कि यदि विभाग इन दिनों जिस तरह से ताबड़तोड़ कार्यवाहियां कर रहा है अगर वैसी कार्यवाहियां लगातार जारी रहें तो अवैध शराब मामलों पर काफी हद तक अंकुश लग सकता है। लोग यह भी कह रहे हैं कि जब किसी जिले में कच्ची, जहरीली शराब से जनहानि होती है तभी विभाग क्यों कार्यवाहियां शुरू करता है। ऐसी कार्यवाहियां लगातार चलती रहने की दरकार है।

#### सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन

जिले में किसी भी मदिरा विक्रेता द्वारा अहातों का लायसेंस नहीं लिया गया है। यही कारण है कि विभिन्न लायसेंसी दुकानों के बाहर खुलेआम शराब का सेवन करते लोगों को आसानी से देखा जा सकता है। राजगढ़ के बस स्टैंड जैसे आवाजाही वाले स्थान पर भी इसी तरह के हालात नजर आ रहे हैं। इसी तरह पुराने बस स्टैंड स्थित शराब दुकान के सामने और समीप ही लोग खुले में शराब पीते देखे जा सकते हैं।

### कलेक्टर ने लंबित मामलों की विभागवार समीक्षा की

# बीईओ व बीआरसी की वेतनवृद्धि रोकने नोटिस किया गया जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार दोपहर आगामी जनविश्वास अभियान के अंतर्गत लोक सेवा के आवेदनों एवं सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत संतुष्टिपूर्ण कार्य नहीं किए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बीआरसी सुरेन्द्र भदौरिया एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश गवली की 1-1 वेतन वृद्धि रोकने हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की वन-टू-वन चर्चा कर प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत लंबित प्रकरणों में प्रधानमंत्री आवास योजना में सूची में नाम जोड़ने एवं भुगतान संबंधी शिकायतों तथा राशन पर्ची में नाम जोड़ने संबंधी शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों में शासकीय एवं निजी भूमि पर अतिक्रमण संबंधी शिकायतों तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पंजीयन एवं राशि के भुगतान संबंधी शिकायतों की समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित एसडीएम को लंबित शिकायतों की पेंडेंसी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

#### लंबित शिकायतों का करें शीघ्र निराकरण

किसान कल्याण विभाग अंतर्गत लंबित शिकायतों की समीक्षा के दौरान फसल बीमा योजना का लाभ मिलने वाले किसानों तथा योजना का लाभ नहीं मिलने वाले किसानों से संबंधित प्रकरणों की जानकारी ली गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र किसानों को योजना का लाभ दिलाने के लिए लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

### मेरे शब्द- मेरी कहानी थीम पर 21 तक अभियान

# बच्चों में पठन के प्रति रुचि जगाने के लिए स्कूल पहुंची रीडिंग वैन



हरिभूमि न्यूज. नरसिंहगढ़। बच्चों में पठन के प्रति रुचि एवं आनंद विकसित करने तथा पठन को अर्थ निर्माण, चिंतन, संवाद एवं अभिव्यक्ति से जोड़ने के उद्देश्य से प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में 'मेरे शब्द- मेरी कहानी' थीम पर प्रदेश स्तरीय पठन अभियान चलाया जा रहा है। 21 अगस्त से शुरू हुआ यह अभियान 21 सितंबर तक चलेगा। इस अभियान के तहत गुरुवार को नगर के सांदीपनि स्कूल में ऑन व्हील रीडिंग वैन पहुंची। जिसका क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक ने विद्यार्थियों को कहानियां पढ़कर सुनाईं और पठन गतिविधियों में बच्चों की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। गौरतलब है कि अभियान अंतर्गत जिले के प्रत्येक विकासखंड के दो-दो विद्यालयों में रीडिंग वैन पहुंची जिसका आंदलहेड़ा स्कूल में समापन हुआ। रीडिंग वैन के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न कहानियों एवं पुस्तकों से जोड़ते हुए पढ़ने के प्रति रुचि विकसित करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, रमेश मालवीय, सत्येंद्र सिंह, बीआरसी सुरेंद्र सिंह, टेकचंद प्रजापति, दिनेश गवली, बीडी सक्सेना सहित स्कूल प्रबंधन के सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### कुरावर-झाड़ला मंडल की संयुक्त बैठक की गई

# कांग्रेस राम नाम का विरोध करती थी, हम श्रीराम के नाम से कार्यक्रम शुरू करते: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर





समीपस्थ ग्राम काकरिया मीणा में बुधवार शाम कुरावर एवं झाड़ला मंडल भाजपा की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा ने कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि 17 सितंबर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़े की शुरुआत होगी, जो लगातार एक माह तक विभिन्न सेवा गतिविधियों के साथ चलेगा। इसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की सहभागिता जरूरी है।

विधायक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनधन, उज्ज्वला गैस योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग की चिंता की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 के पहले ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, विद्यालय भवन और पंचायत भवन जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव था, लेकिन इसके बाद नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की तस्वीर बदली है।गांव की चैपाल से लेकर नगर के चैराहों तक केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं एवं विकास कार्यों की चर्चा आमजन के बीच करें। उन्होंने कहा, कांग्रेस भगवान श्रीराम का विरोध करती है और हम भगवान श्रीराम के नाम से शुरुआत करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में जय श्रीराम का नारा लगाने वालों को सांप्रदायिकता से जोड़ दिया जाता था, जबकि भाजपा सरकार में सनातन परंपराओं के प्रति सम्मान का वातावरण बना है।

#### घर-घर दीप प्रज्ज्वलित करने का आह्वान

भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा कार्यों के साथ घर-घर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को जनभागीदारी से जोड़ना है। मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई एवं रवि मीणा ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। संचालन मंडल महामंत्री लखन राजपूत ने किया।बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजकिशोर मीणा, जिला मंत्री सत्येंद्र सिंह राठौड़, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मानसिंह बना, राधेश्याम पचवारिया, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुवीर सिंह राणावत, वरिष्ठ नेता मोती सिंह बिलहरी, कैलाश राज, राजगढ़ के पूर्व मंडल अध्यक्ष टीनू जोशी, दिनेश दांगी, गंगाप्रसाद चैधरी, मंडल महामंत्री रूप सिंह राठौड़, गुड्डू जाटव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के बाद जिला उपाध्यक्ष बृजकिशोर मीणा का जन्मदिन भी कार्यकर्ताओं ने मनाया।

### फसल की स्थिति बताई

# सोयाबीन फसल की समस्या को लेकर दिग्विजय सिंह से मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़



सोयाबीन की फसल में अफलन (बांझपन) की स्थिति को लेकर किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने मारुति नंदन मंदिर पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से मुलाकात की।

ठाकुर मदरूप सिंह के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने सोयाबीन की फसल में आ रही समस्या और इससे संभावित नुकसान की जानकारी पूर्व मुख्यमंत्री को दी। किसानों ने बताया कि सोयाबीन की फसल में आफलन की स्थिति के कारण उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में फसल का सर्वे करवाकर किसानों को राहत दिलाने की मांग रखी। किसानों की समस्या सुनने के बाद दिग्विजय सिंह ने तत्काल कलेक्टर से चर्चा कर प्रभावित फसलों का सर्वे करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रवीण ग्रोवर,लखन रुहेला, लाखन सिंह बना, राम सिंह बना, मांगीलाल चैधरी, संजय, शांतिलाल गांधीग्राम, ओमप्रकाश जाटव, अभिनव पंचोली, रंजीत सहरिया सहित अन्य मौजूद थे।

### ब्लॉक स्तरीय चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का समापन

# कक्षा 1 व 2 के 125 शिक्षकों को गतिविधि आधारित शिक्षण का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



कक्षा 1 एवं 2 पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए आयोजित ब्लॉक स्तरीय चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का समापन नवीन कस्तूरबा गांधी छात्रावास भवन में हुआ। एफएलएन प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों में प्रारंभिक स्तर पर भाषा एवं गणित संबंधी बुनियादी दक्षताओं को विकसित करने के लिए शिक्षकों को प्रभावी शिक्षण विधियों से प्रशिक्षित करना रहा। समापन अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सारंगपुर जय सोलंकी ने प्रशिक्षण का अवलोकन कर शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि कक्षा 1 एवं 2 के बच्चों को उनकी उम्र और समझ के अनुरूप गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाया जाए, ताकि बच्चों में सीखने की रुचि विकसित हो।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरेश बिरामल ने शिक्षकों से समय पर विद्यालय पहुंचकर बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने की बात कही। विकासखंड स्रोत समन्वयक बीएल वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को बच्चों तक आवश्यक एफएलएन सामग्री पहुंचाने तथा उसके प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई। इसका समय-समय पर बीआरसी, सीएसी एवं जनशिक्षकों द्वारा जायजा लिया जाएगा। प्रशिक्षण में कुल 125 शिक्षकों ने भाग लिया।

हिंदी, गणित एवं अंग्रेजी के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा भोपाल से प्रशिक्षण प्राप्त कर आए राजेश यादव, अम्बर अंसारी, विजय पालीवाल, रोशनल कुशवाह, श्रीमती गीता पालीवाल एवं रजासिलाल यादव ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण की व्यवस्थाएं प्रशिक्षण प्रभारी जगदीश शर्मा एवं लेखापाल सोमनाथ द्वारा देखी गईं। एफएलएन कार्यक्रम के माध्यम से प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है।

### प्रशासन और पुलिस के निर्देशों पर वाहनों की जांच की गई

# सड़कों पर उतरा आरटीओ अमला चेकिंग में 4 बसों को किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़




कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशानुसार गुरूवार को ब्यावरा में भोपाल चैराहा के आसपास पचोर रोड एवं भोपाल रोड पर यात्री बसों की सघन चेकिंग की गई।

चेकिंग के दौरान बसों के आवश्यक दस्तावेज, फिटनेस, परमिट एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की गई। जांच के दौरान बस क्रमांक एमपी-39 पी-5111 कुरैशी बस सर्विस बिना फिटनेस के संचालित पाई गई। उक्त बस को जब्त कर थाना सिटी ब्यावरा में रखा गया। इसी प्रकार बस क्रमांक एमपी 04 पीए 4140 रॉयल बस सर्विस की जांच के दौरान अग्निशमन यंत्र सही स्थिति में नहीं पाया गया। इसके चलते बस को जब्त कर थाना सिटी ब्यावरा में रखा गया।इसी क्रम में पचोर रोड पर बस क्रमांक एमपी 10 4 जेडवाई 7619 बिना परमिट संचालित पाई गई। उक्त बस को भी जब्त कर थाना सिटी ब्यावरा में रखा गया।

वहीं बस क्रमांक एमपी 09 एफए 3815 बिना परमिट संचालित पाई गई, जिसे जब्त कर थाना ब्यावरा देहात में रखा गया। इस प्रकार चेकिंग अभियान के दौरान कुल चार यात्री बसों को जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त लगभग 10 यात्री बसों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 34 हजार रुपये की राशि वसूल की गई।

### महादेव मित्र मंडल का 37वां स्थापना दिवस मनाया

# मंडल के सदस्यों ने वटकेश्वर महादेव का किया रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



नगर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था महादेव मित्र मंडल का 37वां स्थापना दिवस बुधवार को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर गांधी चौक स्थित वटकेश्वर महादेव मंदिर में मंडल के सदस्यों ने बाबा वटकेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया। इसके बाद तारागंज स्थित श्रीपति एग्रीफ्रेंट कंपनी में विभिन्न सत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, संगठन मंत्री दिनेश सिंह सिसोदिया सहित सदस्यों द्वारा बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। गीत-भजन सहित विभिन्न कार्यक्रम हुए। सचिव कमल पुष्पद ने वर्षभर मंडल द्वारा आयोजित सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वहीं कोषाध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार ने संस्था के आय-व्यय का वार्षिक लेखा-जोखा सदस्यों के समक्ष रखा। खेल सत्र में मटकी फोड़ प्रतियोगिता सहित विभिन्न खेल आयोजित किए गए। आंखों पर पट्टी बांधकर कन्हैया ने मटकी फोड़कर कार्यक्रम में उत्साह बढ़ाया। इस दौरान मंडल के वरिष्ठ परामर्शदाताओं एवं सदस्यों ने अपने विचार साझा किए।संगठन मंत्री दिनेश सिंह सिसोदिया ने वर्ष 1990 से 2026 तक महादेव मित्र मंडल द्वारा किए गए सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने सदस्यों को संगठन के अनुशासन, रीति-नीति और एकजुटता के महत्व से अवगत कराते हुए सनातन धर्म के संरक्षण के लिए भविष्य में भी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। संचालन महासचिव बृज किशोर चैहान ने किया। आभार निवृत्तमान अध्यक्ष ओम पुष्पद ने माना। मंडल की परामर्श समिति की बैठक में सर्वसम्मति से जितेंद्र सोलंकी को आगामी दो वर्षों के लिए महादेव मित्र मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनका साफा बांधकर एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

वहीं नवीन अध्यक्ष जितेंद्र सोलंकी सहित परामर्श समिति के सदस्यों ने निवर्तमान अध्यक्ष ओम पुष्पद को साफा बांधकर, दुपट्टा पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानपूर्वक विदाई दी। सार्वजनिक हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष ध्रुव भल्ला ने भी वर्तमान एवं निवर्तमान अध्यक्ष का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल के वरिष्ठ परामर्शदाता अशोक साहू, समंदर सिंह बैस, लोकेश सोलंकी, महेश पाटीदार, अरुण जैन, रामेश्वर पुष्पद, भूपेंद्र जोशी, एलएन त्रिकार मौजूद रहे।

### ग्रामीण विकास को मिली रफ्तार राज्यमंत्री पंवार के प्रयासों से ब्यावरा विधानसभा में मंजूरी

# मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना में 6.33 करोड़ से 8 सड़कों होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा




ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने और गांव-गांव तक बेहतर आवागमन की सुविधा पहुंचाने की दिशा में ब्यावरा विधानसभा को बड़ी सौगात मिली है। प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग के नारायणसिंह पंवार के प्रयासों से मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना के अंतर्गत 8 महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों पर करीब 6 करोड़ 33 लाख रुपये की लागत आएगी।

स्वीकृत सड़क निर्माण कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे ग्रामीणों का आवागमन सुगम होने के साथ ही विद्यार्थियों, किसानों, श्रमिकों और आमजन को विशेष सुविधा मिलेगी। साथ ही कृषि उपज को बाजार तक पहुंचाने में भी आसानी होगी।

#### इन सड़कों को मिली मंजूरी

विधानसभा क्षेत्र में आवागमन की सुविधा और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा मिलेगा। स्वीकृत सड़कों में बैरसिया-भौजपुरिया रोड से गोल्यापुरा, जैमालपुरा से खजूरखाड़ी, बैलास से दुर्गापुरा, ढकोरा-जामी रोड से अमरपुरा, पीएमजीएसवाई मूंडली रोड से भवानीपुरा, अमरगढ़ से खण्डिया, झरखेड़ा रोड से कोड़यिाखेड़ी तथा एनएच-12 से नरसिंहपुरा तक की सड़कें शामिल हैं।

#### गांवों तक विकास पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए लगातार महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना के माध्यम से छोटे-छोटे मजरे और टोलों को भी बेहतर सड़क सुविधा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ब्यावरा विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, सिंचाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है।

स्वीकृत इन 8 सड़क कार्यों से ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी और विकास की गति और तेज होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का संकल्प है कि विकास का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। इसी संकल्प के साथ ब्यावरा विधानसभा के गांवों में लगातार विकास कार्यों को स्वीकृति दिलाई जा रही है।